हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 जून 2024

11 भारतीय किसान सभा ने दिया बड़सी मजरा को ...



12 कार्यकारी अभियंता की हठधर्मीता को लेकर...



## खबर संक्षेप

### हसान में करंट लगने से महिला की मौत

**बहल**। हसान गांव में महिला की मोटर चलाते समय करंट लगने से मौत हो गई। महिला का भिवानी नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी अनुसार बहल थाना क्षेत्र के हसान गांव निवासी शर्मिला पानी की मोटर चला रही थी। मोटर के स्टार्टर में बारिश की वजह से करंट था। महिला ने जैसे ही मोटर के स्टार्टर को दबाया तो उसे जोर से करंट लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रोजगार मेले में 29 युवाओं को नौकरी

**चरखी दादरी**। गांव सांतौर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य कमल खजुरी ने बच्चों को रोजगार का महत्व समझाया। भिवाडी स्थित जय फिसिलेंडर लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधियों ने बच्चों की योग्यता को साक्षात्कार के माध्यम से जांचते व परखते हुए 29 को साथ कार्य करने का अवसर प्रदान करने हेतु चयनित किया। सुमित कुमार भी कंपनी के इंटरव्यू पैनल में कंपनी कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे। इस दौरान मेले में उप अधीक्षक विकास मल्हान की अध्यक्षता में बच्चों के प्रमाण पत्रों अनुभवों व अन्य कागजात को जांचने का काम हुआ।

### लोक अदालतों का आयोजन 29 जुलाई से

**चरखी दादरी**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरपर्सन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोगों की सहायता के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। विभिन्न स्तरों पर लोगों की सहायता के लिए लोक अदालतों का आयोजन भी किया जाता है। इसी कड़ी में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत लगाया जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सौरभ कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सवार्े्च्च न्यायालय में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। विशेष लोक अदालत में लिए जाने वाले मामलों में श्रम मामले, चेक बाउंस मामले दुर्घटना क्लेम मामले अन्य मुआवजा संबंधित और कई अन्य मामलों पर सुनवाई होगी।

# सीएम घोषणाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करें : मंत्री

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखे 12 परिवादों में से 10 का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव तथा खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने कहा कि सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है और इसकी जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग खुश है। सरकार द्वारा लोगों को ऑनलाइन माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अधिकारी जिम्मेदारी के साथ अपना कार्य करें। बैठक में रखे गए 12 मामलों के अलावा भी अनेक गांवों के लोगों ने राज्य मंत्री के समक्ष बिजलीए पानी और विकास कार्यों से संबंधित शिकायतें रखी, जिस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव तथा खेल राज्य मंत्री संजय सिंह शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवादों का निपटारा करने के दौरान अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान करें। नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। बैठक में कुल 12 परिवाद रखे गए, जिसमें से 10 का राज्य मंत्री संजय सिंह ने मौके पर ही समाधान किया। राज्य मंत्री ने बिजली निगम के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में खुला दरबार लगाकर बिजली से संबंधित शिकायतों का निपटान करें और जिला में जितने भी बिजली के लोहे के पोल हैं,उन्हें अति शीघ्र हटाया जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि समिति के समक्ष रखे गए मामलों को अधिकारी उनके द्वारा दी गई निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य करें ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं उठाने पड़े। बापोड़ा जलघर की 15 दिन के भीतर निकलवाई जाए गाद

उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे गांव बापोड़ा स्थित जलघर का 15 दिन के अंदर.अंदर गाद निकलवाई जाए और इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को दी जाए। ताकि जलघरों की पानी की क्षमता को बढाया जाए। साथ में लोगों के घरों तक पर्याप्त व स्वच्छ पानी पहुंच सके। राज्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम घोषणाओं के कार्योंर् को गंभीरता से लेकर निर्धारित समयावधि में पूरा करवाएं।





भिवानी। कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवाद सुनते मंत्री और बैठक में परिवाद रखते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ड्रोन से रखी जाएगी पौधों की ग्रोथ पर नजर

राज्य मंत्री ने कहा कि बढ़ते हुए औद्योगिकीकरण, शहरीकरण व वाहनों की संख्या के कारण पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ रहा है। विश्व में वन्यजीवों के बढ़ते व्यापार के कारण वन्य जीवों की कुछ प्रजातियां लुप्त हो चुकी हैं। हम सबको मिलकर पर्यावरण संरक्षण व वन्य जीवों को बचाने में अहम भूमिका निभानी होगी और अधिक से अधिक पौधारोपण करना है। उन्होंने कहा कि वन मित्र योजना के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों की जियो.टैगिंग की जाएगी तथा ड्रोन की मदद से पांच साल तक उनकी ग्रोथ पर भी नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि पौधों की देखभाल के लिए वन मित्र योजना के तहत वन मित्र भर्ती किए जाएंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त नरेश नरवाल ने जिला प्रशासन की तरफ से राज्यमंत्री का स्वागत किया और जिला में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।

**प्रदेश में तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार**: प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव राज्य मंत्री संजय सिंह के कहा कि सभी अधिकारी अच्छे ढंग से कार्य कर रहे हैं। सरकार की योजनाओं को प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचा रहें हैं और विकास कार्यों को गति दे रहे हैं। पत्रकारों के पीने के पानी के सवाल का जवाब में उन्होंने कहा कि अमृत योजना के तहत हर घर में नल और नल में जल पर कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक घर में स्वच्छ जल पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि किरण चौधरी के गत दिनों भाजपा में शामिल होने से पार्टी को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनेगी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला, एडीसी हर्षित कुमार, एसडीएम भिवानी हरबीर सिंह, नगराधीश विपिन, एसडीएम तोशाम मनोज दलाल, एसडीएम सिवानी विरेन्द्र सिंह, सीईओ जिला परिषद अशवीर नैन, जिला परिषद चेयरपर्सन अनीता मलिक, भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़, भवानी प्रताप सिंह, भाजपा जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान, शिव कुमार पराशर, कष्ट निवारण समिति सदस्य कमल फौजी, रामकिशन हालुवासिया, कमलेश भोडूका के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बलाली में ट्यूबवेलों पर बने कमरों का ताला तोड़कर कृषि यंत्र चुराए

- किसानों ने डायल 112 पर कॉल कर दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

बलाली में बीती रात नहर के समीप ट्यूबवेलों पर बने चार कमरों का ताला तोड़कर वहां से कृषि उपकरण । पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई रही व दूसरा सामान चोरी कर लिया गया। शुक्रवार सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर इसकी सूचना दी। जिसके बाद ईआरवी व झोझू कलां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौके का निरीक्षण कियाहै।

किसानों ने बताया उनके खेत नहर के समीप हैं जहां उन्होंने ट्यूबवेल व कमरे बना रखे हैं। बीती रात को चोर चार किसानों पूर्व सरपंच अत्तर सिंह, कृष्ण, अमित व छोटूराम के कमरों का ताला तोड़कर वहां से बिजली केबल, स्टार्टर, नोजल, बैंड, कुएं से मोटर निकालने के लिए प्रयोग में की जाने वाली भूणी आदि सामान चोरी कर ले गए। किसानों ने बताया कि इसके अलावा इन के समीप ही स्थित एक ओर कमरे का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन किसी कारणवश वे ताला नहीं तोड़ पाए जिससे वहां रखा सामान चारी होने से बच गया। किसानों ने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई करने व उनका सामान बरामद करने की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है।

# विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को कल मिलेंगे प्रमाण पत्र

- मुख्यमंत्री 30 को पानीपत से वेब कास्टिंग के जरिए प्रदेश के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह 30 जून को पानीपत से वेब कास्टिंग के जरिए प्रदेश के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करेंगे। वहीं जिला में जनता कालेज के सभागार भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यहां पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी पहुंचेंगे। अधिकारी इस कार्यक्रम को लेकर सभी प्रकार की तैयारी पहले ही कर लें। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह ने सेवा विभाग की महानिदेशक आशिमा बराड़ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक के बाद अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि 30 जून को जनता कॉलेज के सभागार भवन में मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को आर्थिक सहायता सर्टिफिकेट वितरित किए जाएंगे। डॉ बी आर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों को भी सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। वहीं सेवा विभाग के लाभार्थियों को प्रोएक्टिव मोड पर बनी नई पेंशन के अलावा भारतीयों को सर्टिफिकेट वितरित किए जाएंगे। उन्होंने सभागार भवन में होने वाले इस कार्यक्त्रम के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर तैयारी पूरी कर लें।

# अधिवक्ता अनिल के पुत्र नितिन कादियान तट रक्षा बल में बने सहायक कमांडेंट, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू



सहायक कमांडेंट नितिन काद्यान का फाइल फोटो।

बार एसोसिएशन के सदस्य एवं अलाउद्दीनपुर निवासी एडवोकेट अनिल काद्यान के पुत्र नितिन काद्यान ने भारतीय तट रक्षा बल में सहायक कमांडेंट के पद नियुक्ति पाने का गौरव हासिल किया है।

जिसके लोहारू बार एसो. के सभी सदस्यों और गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है और बेटे को शुभकामनाएं दी है। बता दें कि निकटवर्ती कस्बा बहल से दसवीं तक की स्कूली शिक्षा और हिसार के एनवाईपीएस विद्यालय से 12वीं की परीक्षा पास करने वाले नितिन काद्यान ने कर्नाटक राज्य के मैंगलूरू से रोबिटिक में बीटेक की डिग्री पूरी की है।

यहीं नही पिछले महीनों से वह तट रक्ष बल के सहायक कमांडेंट की परीक्षा की तैयारी में जुटे थे। यहीं नहीं नितिन ने हाल ही में भारतीय सेना के लैफ्टिनेंट की परीक्षा भी पास की है जिसका नियुक्ति पत्र उन्हें शीघ्र मिलने वाला है। बता दें कि नितिन के बड़े भाई नरेन काद्यान भी एग्रो बिजनेस में करनाल रीजनल मैनेजर का पदभार संभाल रहे हैं।

# ऑपरेटर का मिला शव, हत्या की आशंका को लेकर रोड जाम

- गांव बरसाना पंप पर सिंचाई विभाग में कार्यरत आपरेटर का शव मिलने से फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी





गांव बरसाना पंप पर सिंचाई विभाग में कार्यरत आपरेटर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्वजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शव को मुख्य सड़क मार्ग पर रखकर जाम लगाया।

जाम लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा कार्रवाई का भरोसा दिलाकर जाम को खुलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दादरी के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जानकारी के अनुसार गांव मैहड़ा निवासी सुरेश कुमार सिंचाई विभाग में करीब दो साल से अनुबंधित पर आपरेटर पद पर कार्यरत था। वीरवार शाम को वह गांव की नहर पर ही डयूटी कर रहा था। जब वह वापिस घर नहीं पहुंचा तो स्वजन उसकी तलाश के लिए वहां पहुंचे।

लेकिन वहां सुरेश का कोई पता नहीं चला उसकी बाइक तिवाला नहर के समीप खड़ी हुई मिली। करीब 18 घंटे बाद सुरेश का शव बरसाना पंप हाउस दो पर मिला। मौके पर पहुंचे खोताखोरों ने शव को बाहर निकाला। स्वजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शव को मुख्य मार्ग पर रखते हुए करीब आधे घंटे तक जाम लगा दिया।

# जगदीश प्रसाद आदपुरिया-मणि देवी की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ लोगों को करवाया भोजन

**चरखी दादरी**। लोहारू चौक स्थित सिविल अस्पताल परिसर में जन सेवा संस्थान द्वारा लगातार जीतराम वकील जगदीश ठेकेदार आदमपुरिया समाज सेवी शिवेंद्र उर्फ रिम्पी फोगाट की अगुवाई में रोगियों व उनके परिजनों के लिए निःशुल्क भोजन सुविधा चलाई जा रही रही है। नगर के मौजिज नागरिकों द्वारा अक्सर इसमें सहभागिता करते हुए अस्पताल में भर्ती रोगियों व उनके परिजनों को भोजन आदि उपलब्ध करवाने में सहयोग किया जा रहा है।

रिंपी फौगाट ने बताया कि इसी कड़ी में आज जन सेवा संस्थान कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद आदपुरिया व मणि देवी की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ अवसर पर उनके परिजनों ने एक समय के भोजन की सेवा भेंट की। लक्षिता, दिव्य, रोहित, जतिन, मनोज, मुकेश व मणि देवी अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों के बीच भोजन वितरित करते हुए सभी को अपने जीवन के मांगलिक अवसरों पर समाज सेवा में योगदान देने का आहवान किया। जन सेवा संस्थान द्वारा अस्पताल परिसर में भोजन उपलब्ध करवाने का प्रयास जारी है।

# पटवारी समेश की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



तहसील कार्यालय में पटवारी समेश की सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया।

विदाई समारोह में तहसीलदार अजय कुमार व नायब तहसीलदार अंकित ने कहा कि भारतीय सेना से सेवानिवृत्त उपरांत पटवारी समेश का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा व अपनी आठ वर्ष की सेवा को बेदाग पूरा किया। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर पटवार एवम कानूनगो एसोसिएशन एसोसिएशन के जिला उप प्रधान विकास राठी ने कहा कि इनकी कार्यशैली बहुत अच्छी रही और जिस तरह इन्होंने फ़ौज में रहते हुए देश की सेवा की उसी तरह पटवारी पद पर रहते हुए जनता का कार्य तत्परता से किया। मंच संचालन तहसील प्रधान विक्रांत शर्मा ने किया। इस अवसर पर राजेंद्र कानूनगो,अशोक शर्मा कानूनगो,शैलेन्द्र कुमार पटवारी, जगदीश कानूनगो, राकेश पटवारी, भगवत टी आर , हरकेश पटवारी,मंजीत नैन, मोहन लाल ऐओके,मनोज वर्मा पटवारी,परमिल पटवारी,सुरेंद्र पटवारी, नवीन पटवारी, पवन चहल आदि मौजूद रहे।



बहल। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में टीबी मुक्त पंचायतों को सम्मानित करते हुए वित्त मंत्री जेपी दलाल। फोटो : हरिभूमि

# 59 को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की सहूलियत के लिए उनके घर द्वार के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवा रही है। सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत अंत्योदय परिवारों के चिरायु कार्ड बनाए हैं जिसमें एक साल में पांच लाख तक का उपचार निशुल्क ले सकते हैं। इससे गरीब परिवारों को बहुत अधिक राहत मिली है। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय सम्मेलन में सरपंचों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

वित्त मंत्री जेपी दलाल शुक्रवार को बहल स्थित विनायक रिसोर्ट में जिला स्तरीय टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मानित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। टीबी मुक्त कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने 59 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया । जिले में अब तक 16820 टीबी मरीजों के खातों में चार करोड़ 51 लाख 79 हजार रुपए भेजे जा चुके हैं। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत को वित मंत्री ने टीबी मुक्त के लिए शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत में वर्ष 2023 में टीबी के 25,10, 751 मरीजों ने, जिसमे हरियाणा में कुल 79163 मरीजों ने तथा भिवानी में कुल 2872 मरीजों ने इलाज लिया। सिविल सर्जन रघुबीर शांडिल्य ने कहा कि भिवानी जिले में टीबी मरीजों की टीबी जाँच के लिए सभी आधुनिक सुविधाएँ जैसे सीबी व ट्रूरू एनएएटी उपलब्ध है।

## तोशाम विधानसभा सीट बनने जा रही है हॉट

# तोशाम विस चुनाव में बंसीलाल परिवार होगा आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अगर राजनीति इसी तरह से इसी दिशा में आगे बढ़ी तो इस बार पूरे प्रदेश में तोशाम विधानसभा हॉट सीट बनने जा रही है। चूंकि किरण चौधरी यहां से विधायिका है और अब भाजपा रहकर तोशाम से ही चुनाव लड़ सकती है। क्योंकि भाजपा के पास इससे मजबूत केंडीडेट नहीं है। वहीं पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल के पौते एवं पूर्व विधायक रणबीर सिंह महेंद्रा के पुत्र अनिरूद्ध चौधरी तोशाम से कांग्रेस की टिकट पर अपनी दावेदारी पेश करते है तो दोनों कंडीडेट बंसीलाल परिवार से होंगे।





ऐसे में तोशाम विधानसभा में रोचक मुकाबला होगा। खैर अभी तक किसी को भी किसी भी पार्टी से टिकट फाइनल नहीं हुई है,लेकिन अनिरूद्ध चौधरी ने आयोजित जनसभा में बाढ़डा के अलावा तोशाम का विकल्प देकर चुनावी माहौल गर्म कर दिया है। विगत में किरण चौधरी ने भाजपा ज्वाइन करने के बाद तोशाम में कांग्रेस के लिए जगह खाली हो गई। किरण के जाने के बाद कई नेताओं ने कांग्रेस की टिकट पर अपनी अपनी दावेदारी ठोकनी आरंभ कर दी। वहीं किरण चौधरी के तोशाम से भाजपा की तरफ से चुनावी मैदान में उतरना लगभग तय है। क्योंकि फिलहाल भी तोशाम से विधायक है और उनकी उक्त हलके में अच्छी खासी पकड़ भी है। इसके अलावा बंसीलाल भी तोशाम से ही चुनाव लड़ते थे। उक्त हलके का बंसीलाल परिवार के साथ अच्छा खासा लगाव भी रहा है,पर आज रणबीर सिंह महेंद्रा के आवास पर आयोजित जनसभा में अनिरूद्ध चौधरी ने बाढ्डा के साथ तोशाम से कांग्रेस की टिकट पर अपनी दावेदारी ठोक दी है। अगर कांग्रेस ने अनिरूद्ध को तोशाम से चुनावी मैदान में उतार दिया तो भाजपा व कांग्रेस से बंसीलाल परिवार के बीच ही मुकाबला होगा। अब देखना ये है कि अनिरूद्ध चौधरी को तोशाम से टिकट मिलेगी या नहीं। उसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। उल्लेखनीय है कि चुनाव सुगबुगाहट के बाद तोशाम हलके में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई।

### बंसीलाल के वोटरों पर दारोमदार

किरण चौधरी तोशाम से खुद के अलावा पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल के वोटरों को अपना वोटर बता रही है। उनकी अभी तक बंसीलाल के वोटर आज तक मदद भी करते आ रहे हैं। बैठक में बंसीलाल के पौत्र अनिरूद्ध चौधरी ने तोशाम के बंसीलाल समर्थकों का अपना वोटर बता कर राजनीतिक गलियारों ने हलचल पैदा कर दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ड़ा व तोशाम में से पार्टी कहीं से भी टिकट दे दे, लेकिन प्राथमिकता तोशाम रहेगी। वैसे तो बाढड़ा के सर्मथकों में जबरदस्त उत्साह है,लेकिन आज तोशाम व बंसीलाल के वोटरों में उनके प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आज उन्होंने आयोजित मीटिंग में स्टेज से अपने दादा एवं चौ. स्व. बंसीलाल व अपने चाचा स्व. सुरेंद्र सिंह के नारे लगवाए।









# कंप्यूटर से ग्रेजुएशन करने के बाद चमकेगा करियर



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

इन दिनों छात्र अपने करियर को लेकर काफी सीरियस है। वो जल्द से जल्द अच्छी नौकरी हासिल कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर कोई अपने लिए ऐसा करियर ऑप्शन ढूंढना चाहता है जिसके जरिए उसे मनपसंद जॉब और मनचाही सैलरी मिल सके। ऐसे में जो छात्र कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनके लिए आज हम कुछ ऐसे करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी लाये है जिनके जरिए वें अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बढ़ती महंगाई में सभी को अच्छे करियर की तलाश रहती है, और सभी चाहते हैं कि वह अच्छी सैलरी पा सकें, ताकि अच्छा लाइफ स्टाइल को फॉलो कर सकें।

## काफी ज्यादा डिमांड


कई तरह के कोर्सेज हैं जिन्हें करने के बाद आप अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं और एक अच्छी सैलरी वाली जॉब का सकते हैं। आज के समय में सब काम ऑनलाइन होते हैं। हर जगह कंप्यूटर की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनकी मांग भी काफी बढ़ने वाली है। अगर आप भी कंप्यूटर के बारे में अच्छा खासा ज्ञान रखते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज पढ़ने में सक्षम है तो आपको इन कोर्स के बारे में जरूर जानना चाहिए। ताकि आप अपने लिए बेस्ट ऑप्शन सेलेक्ट कर सके और उसके अनुसार अपना कैरियर बना सके।

### इंटरनेट से जुड़ा हुआ

आजकल हर कोई अपने मोबाइल पर ज्यादा समय बिता रहा है और इंटरनेट का इस्तेमाल करके नई-नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। इसी के चलते हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की बिक्री के लिए डाटा इकट्ठा कर रही है। एक डाटा साइंटिस्ट को इन सभी डाटा की जानकारी अच्छे से होती है इसीलिए मार्केट में डाटा साइंटिस्ट की डिमांड बढ़ रही है। इस फील्ड में अन्य क्षेत्रों की बजाय कंपटीशन भी कम है क्योंकि बेहद कम लोगों को इसके बारे में पता है। ऐसे में आप अच्छी सैलरी के साथ एक बेहतरीन जॉब पा सकते हैं।

## सैलरी अच्छी

आज के समय में किसी भी बिजनेस को ऑनलाइन शिफ्ट करने के लिए वेबसाइट चाहिए होती है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ वेबसाइट की आवश्यकता और मांग में भी वृद्धि हुई है। एक वेब डेवलपर की सैलरी भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा यह एक ऐसा काम है जिसकी शुरुआत आप फ्री लांसिंग के तौर पर भी कर सकते हैं और कमाई कर सकते हैं।



### ज्ञान होना जरूरी

आज के इस डिजिटल दौर में लगभग हर क्षेत्र में मशीन लर्निंग चाहिए होती है। आपको किसी भी फील्ड में सरलता से मशीन लर्निंग की नौकरी मिल जाएगी। मशीन लर्निंग नौकरी लेने के लिए आपको इससे जुड़े प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके आप आसानी से किसी भी कंपनी में बड़े ओहदे पर पहुंच सकते हैं और आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलेगी।

## पसंदीदा क्षेत्र

यदि आपको ऐसा लगता हैं कि केवल पबजी और फ्री फायर ही सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेल है तो ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया में हर दिन अलग-अलग तरह के गेम रिलीज होते हैं। वीडियो गेम के मामले में तो बहुत सारे गेम काफी पसंद किए जाते हैं। अगर आप भी वीडियो गेम बनाने में रुचि रखते हैं तो इस काम के बारे में सीख सकते हैं और गेम डेवलपर बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसान का फ्यूचर बनने जा रहा है। जितनी स्पीड से आर्टिफिसीयेल इंटेलिजेंटस और रोबोट हमारे डेली रूटीन का भाग बनते जा रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रिसर्च करने वाले लोगों की मांग कितनी बढ़ाने जा रही है। चैट जीपीटी और ब्रैड जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ रखने वाले लोगों को रिसर्चर और साइंटिस्ट के पद पर काफी अच्छी जॉब्स ऑफर की जा रही है।

### बन सकते हैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर

इन दोनों मार्केट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिमांड बढ़ती जा रही है। सभी आईटी कंपनियों में बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को ढूंढा जा रहा है। यदि आप भी कंप्यूटर के बारे में जानते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज का ज्ञान है तो आप भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने से आपका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

---

## डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कर संवार सकते हैं अपना करियर

# आज के समय में आयुर्वेद के डॉक्टर की काफी मांग, नौकरी के बेहतर अवसर

**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

शिक्षा के छेत्र में विद्यार्थी के सामने कहीं प्रकार के डिग्री और डिप्लोमा क्षेत्र मौजूद होते हैं। विद्यार्थी किसी भी तरह के डिग्री और डिप्लोमा कोर्स के जरिए अपने करियर को संवार सकता है। विद्यार्थी के लिए साधारण तरीके की कई डिग्रियां की जाती है और अपने करियर को बनाने के लिए प्रयास किए जाते हैं। विद्यार्थी दसवीं कक्षा पास करने के बाद और 12वीं कक्षा पास करने के बाद पूरी तरह से विचलित हो जाता है कि आगे उसे क्या करना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार के डिग्री व डिप्लोमा कोर्स मौजूद होते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको बीएएमएस के बारे में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।



### अच्छी आमदनी का जरिया

आज के समय में भारत में आयुर्वेद डॉक्टर बनने के लिए विद्यार्थी खासतौर से प्रयास कर रहे हैं। भारत में आयुर्वेद का भविष्य आप नजर आ रहा है। आयुर्वेद के दम पर भारत के मार्केट में अच्छा पैसा भी कमाया जा रहा है। आयुर्वेद में डिप्लोमा और डिग्री कोर्स करने के बाद विद्यार्थी आयुर्वेद डॉक्टर के तौर पर कार्यरत हो सकता है आयुर्वेद डॉक्टर बनने के लिए जरूरी बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल एंड सर्जरी होती है। इस डिग्री को लेकर विद्यार्थी आयुर्वेद डॉक्टर बन सकते हैं। बीएएमएस कोर्स जो 5 साल की अवधि के लिए विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होने वाला कोर्स है। यह को भी एमबीबीएस डिग्री की तरह 5 साल और 6 महीने में पूरा होता है। बीएएमएस का फुल फोर्म बेचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड सर्जरी होता है।

### जरूरी योग्यताएं

डॉक्टर के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सपना लाखों लोगों का होता है। लेकिन डॉक्टर बनने के लिए जो जरूरी पोस्ट होते हैं। उनके लिए योग्यता का मापदंड भी निर्धारित किया जाता है। विद्यार्थी जो बीएएमएस कोर्स करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों के लिए नीचे दी गई निम्नलिखित योग्यता मापदंड को पूरा करना बहुत जरूरी है।

- विज्ञान वर्ग में विद्यार्थी को 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- विज्ञान वर्ग में विद्यार्थी को जीव विज्ञान के साथ 12 वीं कक्षा अच्छे अंकों के साथ बात करनी है।
- बारहवीं कक्षा के बाद विद्यार्थी इंट्रेंस एग्जाम में पास होना जरूरी होता है।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।

### 5 साल और 6 महीने का कोर्स



### कितनी होती फीस

*जब विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करना चाहता है तो सबसे पहले विद्यार्थी फीस का आकलन लगाता है। यहां सरकारी कॉलेज में 15000 से लेकर 30000 तक की प्रति वर्ष की फीस आपको देनी होती है। इसके लिए सबसे पहले एंट्रेंस एग्जाम पास करके आपको सरकारी कॉलेज में दाखिला लेना होगा। अन्यथा यदि आप प्राइवेट कॉलेज के माध्यम से यह पोस्ट करते हैं, तो आपको करीब 300000 से लेकर 1500000 सालाना फीस देनी होगी। विद्यार्थी के पास किसी भी तरह की डिग्री लेने के बाद भविष्य में अलग-अलग तरीके करियर ऑप्शन मौजूद होते हैं। जो विद्यार्थी बीएएमएस कोर्स कर चुका है। उस विद्यार्थी के लिए नीचे दिए गए निम्नलिखित भविष्य के इसको मौजूद हो जाते हैं। विद्यार्थी भविष्य की पढ़ाई के तौर पर मास्टर डिग्री लेकर नीचे दिए गए विकल्प का चयन कर सकता है और इन क्षेत्रों में मास्टर डिग्री प्राप्त कर सकता है।*

*लेक्चरर, थेरेपिस्ट, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट, साइंटिस्ट, मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, जूनियर क्लीनिकल ट्रायल कॉर्डिनेटर, एरिया सेल्स मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव।*

### जॉब के अवसर

जब विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स कर लेता है। तो विद्यार्थी को अच्छी नौकरी भी मिल जाती है। विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स करने के बाद कहां पर नौकरी कर सकता है। उसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- हॉस्पिटल
- नृसिंग होम
- क्लीनिकल ट्रायल्स
- एजुकेशन
- हेल्थकेयर आईटी
- इंसोरेंस सेक्टर
- आयुर्वेदिक रिसोर्ट
- स्पा रिसोर्ट
- कॉलेजेस
- फार्मेसी सेक्टर
- रिसर्च इंस्टीट्यूट
- पंचकर्म आश्रम
- गवर्नमेंट हॉस्पिटल
- प्राइवेट हॉस्पिटल
- लाइफ साइंस सेक्टर

### सैलरी

विद्यार्थी के लिए किसी भी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करने का पहला मकसद उस डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करने के बाद जहां पर उसे नौकरी मिलेगी वहां सैलरी कितनी मिल सकती है। विद्यार्थी सबसे पहले सैलरी का आकलन करता है। बीएएमएस करने के बाद जो विद्यार्थी डॉक्टर बन जाते हैं।

उनकी वेतन की बात की जाए तो उम्मीदवार अपने टैलेंट के दम पर अच्छा पैसा कमा सकते हैं यहां उम्मीदवार को 400000 प्रति महीने से लेकर 1200000 रुपए प्रति महीना कमाने का मौका मिलता है।



### ऐसे करें कोर्स

**जो विद्यार्थी बीएएमएस कोर्स करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को पूरा करना होगा।**

**12वीं कक्षा पास करें :** विद्यार्थी को सबसे पहले कोई भी डिग्री लेने के लिए 12वीं कक्षा पास करनी होगी। बीएएमएस का कोर्स करना चाहते हैं। तो आपको सबसे पहले विज्ञान वर्ग यानी कि जीव विज्ञान में 12वीं कक्षा पास करना बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

**एंट्रेंस एग्जाम पास करें :** विद्यार्थी को इस डिग्री लेने के लिए दूसरे चरण के तौर पर एक एंट्रेंस एग्जाम पास करना होता है। यह एंट्रेंस एग्जाम एमबीबीएस की डिग्री इस तरह ही होता है। नीट एग्जाम को पास करके भी विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स कर सकते हैं। इसके अलावा भी राष्ट्रीय स्तर पर कई अन्य एंट्रेंस एग्जाम होते हैं। जो अलग-अलग कॉलेज और अलग-अलग क्षेत्रों में करवाए जाते हैं। आप उनमें से किसी भी एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेकर बीएएमएस कोर्स के लिए कॉलेज में दाखिल हो सकते हैं।

**कॉलेज में दाखिला लेकर बीएएमएस की पढ़ाई करना :** एंट्रेंस एग्जाम पास होने के बाद विद्यार्थी को बीएएमएस कोर्स के लिए कॉलेज में दाखिला मिल जाता है। उसके पश्चात विद्यार्थी को 5 साल और 6 महीने यानी कि कुल 11 सेमेस्टर की पढ़ाई करते हुए बीएएमएस का कोर्स पूरा करना होगा और उसके पश्चात बीएएमएस डिग्री का सर्टिफिकेट हासिल करना होगा।

**सर्वश्रेष्ठ कॉलेज :** भारत में हजारों की संख्या में कॉलेज मौजूद है। लेकिन जब किसी भी डिग्री के लिए भारत के लोकप्रिय कॉलेज और भारत के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज की बात आती है। तब उनमें से कुछ कॉलेज का नाम टॉप पर आता है। उसी प्रकार से बीएएमएस कोर्स करने के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- आयुर्विज्ञान संस्थान (बीएचयू)
- राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय
- उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय हर्रावाला
- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान
- स्वास्थ्य विज्ञान के महाराष्ट्र विश्वविद्यालय
- पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज, हरिद्वार
- सुमतिभाई शाह आयुर्वेद महाविद्यालय मालवाड़ी, पुणे
- डॉ डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, नवी मुंबई
- विदर्भ आयुर्वेद महाविद्यालय, अमरावती
- सीएच ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, नई दिल्ली

---

# सपनों की ओर उड़ान: आपकी क्षमता और आपका भविष्य



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

आज की युवा पीढ़ी भारत के भविष्य की नींव है। आपके भीतर असीमित ऊर्जा, शक्ति और संभावनाएं छिपी हैं। एक ऐसी शक्ति जो दुनिया को बदलने की क्षमता रखती है। लेकिन इस शक्ति का सही उपयोग कैसे करें? यही प्रश्न आज का सबसे महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, सपने देखना महत्वपूर्ण है। बिना सपनों के कोई भी बड़ी सफलता संभव नहीं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था, सपने वे नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वे हैं जो हमें सोने नहीं देते। आपके सपने आपके भविष्य का नक्शा हैं। जो भी आपको प्रेरित करता है, उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाइए। शिक्षा, खेल, कला या विज्ञान हर क्षेत्र में आपके सपने बुनियादी भूमिका निभाते हैं।

## मेहनत और समर्पण का विकल्प नहीं

दूसरी बात, मेहनत और समर्पण का कोई विकल्प नहीं है। महानता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक है। कभी-कभी परिस्थितियाँ कठिन हो सकती हैं, लेकिन यह याद रखें कि कठिनाइयाँ ही आपके चरित्र का निर्माण करती हैं। अगर आप अपने सपनों के प्रति समर्पित हैं, तो कोई भी बाधा आपकी प्रगति को नहीं रोक सकती। तीसरी बात, सीखने की निरंतरता को बनाए रखें। ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती, और नई चीजें सीखने का जुनून आपको हमेशा आगे बढ़ाता है। अपने गुरुजनों से सीखें, अपने साथियों से प्रेरणा लें, और स्वयं को हर दिन एक नया सीखने का लक्ष्य दें। अगला कदम है सकारात्मकता। एक सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल आपको मुश्किल समय में संभालता है, बल्कि यह आपकी रचनात्मकता को भी बढ़ाता है। जब आप अपनी चुनौतियों का सामना सकारात्मकता से करते हैं, तो समाधान ढूंढना आसान हो जाता है। जीवन में हर परिस्थिति से कुछ न कुछ सीखने की कोशिश करें और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। अंत में, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। आपकी सफलता का असली मापदंड वह होता है जब आप अपने समाज को बेहतर बनाने में योगदान देते हैं। अपनी उपलब्धियों को समाज के उत्थान में प्रयोग करें। दूसरों की मदद करें, पर्यावरण की रक्षा करें, और समाज की भलाई के लिए अपने ज्ञान और संसाधनों का उपयोग करें। युवा मित्रों, आप ही वो धारा हैं जो देश को नई दिशा में ले जा सकते हैं। आपका प्रत्येक कदम एक नई कहानी लिख सकता है। बस अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएँ, और यकीन मानें, आप वो हासिल करेंगे जो आपने कभी सोचा भी नहीं होगा। सपने देखें, मेहनत करें, सीखते रहें, सकारात्मक रहें, और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यही आपकी सफलता की कुंजी है।

**सपने देखें :** बड़े लक्ष्य निर्धारित करें।

**मेहनत करें:** कड़ी मेहनत व समर्पण से बाधा पार करें।

**निरंतर सीखें:** ज्ञान की खोज कभी बंद न करें।

**सकारात्मक रहें:** चुनौतियों को अवसर में बदलें।

"अपनी सफलता से समाज को लाभ पहुंचाएं। ज्ञान की खोज कभी बंद न करें। ज्ञान की प्यास ही वह तत्व है जो मनुष्य को अन्य जीवों से अलग बनाता है। निरंतर सीखना न केवल एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, बल्कि यह हमारे जीवन को प्रेरणा और उत्साह से भर देता है।

## दुनिया के साथ तालमेल बिठाएं

यह हमें बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाने, नए अवसरों को पहचानने और व्यक्तिगत व पेशेवर विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता है। जब हम ज्ञान प्राप्त करते रहते हैं, तो हम अपनी सोच को विस्तारित करते हैं। नए विचार और अवधारणाएँ हमारी समस्याओं को हल करने के नए तरीके सुझाती हैं। शिक्षा सिर्फ औपचारिक स्कूली ज्ञान तक सीमित नहीं है; यह जीवन के हर क्षेत्र में फैली हुई है। नई भाषाएँ सीखना, विभिन्न संस्कृतियों को समझना, नई तकनीकों को अपनाना – ये सब हमारे ज्ञान को समृद्ध करते हैं।

निरंतर सीखने का एक और लाभ यह है कि यह हमें आत्मविश्वासी बनाता है। जब हम नई चीजें सीखते हैं और उन्हें प्रभावी ढंग से उपयोग करते हैं, तो हमें अपने कौशल पर गर्व होता है। इससे हमारी आत्म-छवि और आत्म-सम्मान में वृद्धि होती है, जो हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। इसके अतिरिक्त, ज्ञान का निरंतर अन्वेषण हमें विविध दृष्टिकोण अपनाने की क्षमता देता है। हम विभिन्न मुद्दों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और अपने विचारों को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से व्यक्त कर सकते हैं। इससे हमें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है। चुनौतियों को अवसर में बदलें, जीवन में चुनौतियाँ अपरिहार्य हैं। ये हमें विभिन्न प्रकार के संघर्षों और समस्याओं से परिचित कराती हैं। लेकिन इन चुनौतियों को अवसरों में बदलने का नजरिया ही हमारी असली परीक्षा होती है। सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल हमें कठिनाइयों का सामना करने में मदद करता है, बल्कि यह हमें उन कठिनाइयों से सीखने और विकसित होने का अवसर भी देता है। जब हम सकारात्मक रहते हैं, तो हम हर स्थिति का सकारात्मक पक्ष देख सकते हैं। चाहे वह एक असफलता हो या एक अप्रत्याशित समस्या, सकारात्मक दृष्टिकोण हमें इससे सीखने और बेहतर बनने की प्रेरणा देता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संम्बन्धित है ?
(ए) अवध से
(बी) बुंदेलखंड से
(सी) ब्रजभूमि से
(डी) रुहेलखण्ड से

**2.** निमंलिखित में से कौन सुम्मेलित नहीं है?
(ए) आल्हा-महोबा
(बी) रसिया-बरसना
(सी) कजरी-मिर्जापुर
(डी) बिरहा-कनौज

**3.** बधाई है --
(ए) बुंदेलखंड का नृत्य
(बी) मालवा का नृत्य
(सी) दिवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार
(डी) बुंदेलखंड का लोक संगीत

**4.** तमाशा संगीत नाटक का प्रसिद्ध लोक स्वरूप है और यह सम्बंधित है -
(ए) उत्तर प्रदेश
(बी) पंजाब से
(सी) महाराष्ट्र से
(डी) बिहार से

**5.** बताइए कौन सा लोक संगीत दिए गये स्थानों से संम्बन्धित नहीं है?
(ए) कजरी-वाराणसी
(बी) बिरहा - कानपुर
(सी) होली -बृज
(डी) नौटंकी- हाथरस

**6.** निम्नलिखित नृत्यों में कौन - सा सुमेलित नहीं है /
(ए) करमा-महोबा
(बी) धुरिया - बुंदेलखंड
(सी) धीवर - कहार
(डी) नटवरी - पूर्वांचल

**7.** कारागम धार्मिक लोकनृत्य संम्बन्धित है?
(ए) केरल से
(बी) तमिलनाडु से
(सी) आंध्रप्रदेश से
(डी) कर्नाटक से

**8.** लोकनृत्य राहुला का संम्बध उत्तर प्रदेश के निम्न में से किस एक क्षेत्र से है?
(ए) पूर्वी क्षेत्र
(बी) पशिचमी क्षेत्र
(सी) मध्य क्षेत्र
(डी) बुंदेलखंड क्षेत्र

**उत्तर** 1.(सी) 2.(डी) 3.(ए) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप



भिवानी। संगोष्ठी को संबोधित करते एक वक्ता। फोटो: हरिभूमि

### आध्यात्म के बिना हमारा जीवन निरर्थक:बीके सुमित्रा

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धि धाम में साप्ताहिक आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में शाखा प्रबंधक राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने कहा कि आध्यात्म के बिना हमारा जीवन निरर्थक है। हमें अपने जीवन में आध्यात्म को अपनाना चाहिए। आध्यात्म से ही हम अपनी मानसिक व आत्मिक शांति को प्राप्त कर सकते हैं। बीके सुमित्रा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था जनवरी मास व जून मास को विशेष तपस्या पर बल देती है। दुनियाभर के 140 देशों में तपस्या का दौर गहनता के साथ चलता है।

### गांवों में विकास कार्यों को गति दी जाएगी :कलकल

**चरखी दादरी।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. किरण कलकल ने बौंद कलां मंडल के गांव नीमड़ी,मालपोष, सांकरोड गांव का दौरा कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की ओर समस्याएं सुनी। इसके बाद कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा की विधानसभा चुनाव से पहले सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। सरकार की तरफ से गलियों और चौपालों को ग्रांट के तहत पैसा दिया जाएगा और गांव के विकास कार्यो् को तुरंत गति देकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। भाजपा

### तीन स्थानों पर गुमशुदा होने पर मामला दर्ज

**बवानीखेड़ा।** क्षेत्र के गांव बलियाली से बेटी के लापता होने पर पिता ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस में दिए ब्यान में ब्यान में पिता ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री मंगलवार को साढ़े तीन बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाश करने पश्चात भी कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरी और बवानी खेड़ा से पुत्री के गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है। पिता ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री बुधवार को दोपहर 11 बजे घर का सामान लेने के लिए गई थी जो वापिस लौटकर नहीं आई।

### शादी नहीं करने पर दी जान से मारने की धमकी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव से परिवार संग खालड़ा हनुमान मंदिर जा रही एक लड़की को गाड़ी सवार लड़कों ने बीच रास्ते में रोककर शादी न करने पर गोली से जान से मारने की धमकी दी। लड़की ने इसकी शिकायत पुलिस में दी है। अटेली पुलिस ने पीड़ित लड़की की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हुडा सेक्टर में साप्ताहिक संकीर्तन आज

**नारनौल।** श्री श्याम महायज्ञ आयोजन समिति की ओर से 29 जून की शाम सवा आठ बजे हुडा सेक्टर-वन में हरिओम शर्मा व सुधांशु शर्मा आवास पर निःशुल्क साप्ताहिक संकीर्तन होगा।

## मुख्यमंत्री से जल्द मुलाकात का दिया आश्वासन, मिलेगा ग्रामीणों को इंसाफ

# भारतीय किसान सभा ने दिया बड़सी मजरा को पूर्ण समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

- पंचायतों ने इंट्री एक्जिट का निर्माण, पुल की ऊंचाई चार मीटर से पांच मीटर करने की मांग की

बड़सी से मिलकपुर हाईवे पर एनएचएआई 148बी हांसी से भिवानी मार्ग के निर्माण में मिलकपुर, दुर्जनपुर, बड़सी जाटान, बड़सी गुजरान, चौरटापुर, सिकंदरपुर, जीता खेड़ी, ढाणी केसला की पंचायत का धरना बदस्तूर जारी है। इस प्रदर्शन के समर्थन में भारतीय किसान संघ उतर आया और भारतीय किसान संघ ने एनएचआई148बी धरना स्थल बड़सी मजरा को पूर्ण समर्थन दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र बिछपड़ी, हिसार जिलाध्यक्ष अनिल बालसमंद, पवन कुमार नयागांव, मेवा सिंह मिर्जापुर, जिला संरक्षक रिशाल सिंह जाखड़ अग्रोहा आदि किसान संघ की तरफ से मीटिंग में मौजूद रहे। समर्थन हिसार स्थित हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में मीटिंग के लिए बुलाकर दिया गया। उल्लेखनीय है कि पंचायतों ने इंट्री एक्जिट का निर्माण, पुल की हाइट चार मीटर से पांच मीटर करने तथा खेतों में सिंचाई के नालों का उचित निकास करवाने को लेकर ग्रामीण धरने पर अडीग डटे हुए हैं। प्रदीप चाहर सरपंच प्रतिनिधि, फतेहसिंह पूर्व सरपंच, बाली पूर्व सरपंच, भान औला पूर्व सरपंच, सतीश सरपंच, सज्जन सरपंच, बबलु सरपंच, जसबीर सरपंच, सोनु सौलथ, बिजेंद्र ठेकेदार, सुभाष पंच, प्रदीप बीडीसी, भोला बीडीसी, सज्जन फौजी, राजेन्द्र राठी, दिनेश लाम्बा, कुलदीप लोहचब, स्वपन ठेकेदार, बिल्लु सरपंच सहित बड़सी मजरा के सभी गांवों के व्यक्तियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर सार्वजनिक पंचायत में फैसला लिया कि था कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होता वे धरने पर डटे रहेंगें। अपनी मांगों को लेकर टैंट, पॉलिथिन लगाकर डटे हुए ग्रामीणों के आंधी तुफान ने टैंट पॉलिथिन भले हुए उडा दिए हों लेकर ग्रामीणों की मांगों के आगे आंधी तुफान भी बोने साबित हुआ और किसानों, ग्रामीणों ने धरने के बैठने के लिए पुख्ता इंतेजामात करके बैठे हुए हैं।

उनकी जायज मांगों को लेकर प्रदेश महामंत्री महीपाल बड़दु, भिवानी जिला अध्यक्ष अजमेर ताल, अमित औला पार्षद, प्रदीप चाहर सरपंच प्रतिनिधि, ज्ञानीराम कड़वासरा, सज्जन फौजी, अनिल औला की मौजूदगी में राजेन्द्र बिछपड़ी ने जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाने की बात कही है।



बवानीखेड़ा। मांगों को लेकर नारेबाजी करते किसान। फोटो: हरिभूमि



बाढ़ड़ा। हड़ौदी में महिलाओं से रूबरू होते हुए राजू मान। फोटो: हरिभूमि

## हर गरीब परिवार को पीला राशन कार्ड दिया जाएगा : राजू मान

- अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक हड़ौदी गांव में महिलाओं से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक राजू मान ने हड़ौदी गांव में महिलाओं से रूबरू होते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार बनने पर महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देगी।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में महिलाओं के प्रति अपराध में भारी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि अपराधी बेलगाम हैं और हर रोज प्रदेश के किसी ना किसी कोने में जघन्य अपराध की खबर पढ़ने और सुनने को मिलती है। उन्होंने कहा कि हुड्डा सरकार में अपराधी प्रदेश छोड़ने पर मजबूर हो गये थे लेकिन अब सत्ताधारियों की चुप्पी के कारण निरंकुश हैं। किसान नेता राजू मान ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने गृहणियों का रसोई का बजट बिगाड़ कर रख दिया है इसलिए हरियाणा कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने ऐलान किया है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर गैस सिलेंडर पांच सौ रुपये में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर गरीब परिवार को पीला राशन कार्ड दिया जाएगा ताकि सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि हर घर को 300 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी।

### ये रहीं मौजूद

इस अवसर पर सुलिन, निर्मला, सविता,प्रमिला, शर्मिला, भतेरी, कृष्णा, सुदेश,राजवंती, सुनीता, सुमित्रा, मुकेश, सुनीता, कमलेश, ऊषा, पुष्पा, पिंकी,पूनम, गुड्डी देवी, इंद्रवती, सुशीला, दिलभरी, चमेली, हरबाई समेत अनेक महिलाएं मौजूद रही।

## मुख्यमंत्री के लोगों को प्लाट व अन्य सुविधाएं देने को लेकर वार्ड पार्षदों ने मिलकर बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा कस्बा के शहीद गुलाब सिंह पार्क में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा रोहतक में मुख्यमंत्री शहरी योजना के तहत 15250 लोगों को 30.30 गज के प्लाट आवंटित किए।

इन योजनाओं व गरीबों के हितों के फैंसले को देखते हुए वार्डपार्षदों में रामगोपाल सैनी, जगदंबा महता, बच्चन सिंह, हिम्मत सिंह, कस्बावासी चांदीराम, जयपाल सिंह आदि ने मिलकर लडडू बांटकर खुशी जाहिर की। उपस्थिजनों ने बताया कि योजना के तहत 14 शहरों के लोगों को फायदा मिला है। इसके लिए उन्हें 6 महीने के अंदर एक लाख रुपए जमा कराने होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका एक घर हो, छोटा ही सही पर अपना हो। इसके लिए सरकार शहरी आवास योजना की शुरुआत कर रही है। जिसके तहत 30.30 गज के प्लाट आवंटित किए जा रहे हैं। इससे पहले गांव में लोगों को 100.100 गज के प्लाट दिए हैं और उनका कब्जा भी दिलाया है।



बवानीखेड़ा। शहीद गुलाब सिंह पार्क में लड्डू बांटकर खुशी जाहिर करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार : अनिरुद्ध

- तोशाम हलके के कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान जमकर दहाड़े पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के पोते अनिरुद्ध चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

चौधरी बंसीलाल का पोता हूं हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हूं। उक्त शब्द शुक्रवार को कांग्रेस नेता एवं बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने भिवानी स्थित अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे। इस दौरान अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी का फैसला सवार्ेपरि होगा पार्टी जो फैसला लेगी वह उन्हें मान्य होगा पार्टी उन्हें जहां से भी टिकट देगी वह वहीं से चुनाव लड़ेंगे।

तोशाम हलके के कार्यकर्ताओं से उन्होंने आह्वान किया कि जल्द ही तोशाम हल्के में गांव के दौरे प्रारंभ किए जाएंगे। सभी कार्यकर्ता जिस तरह चौधरी बंसीलाल जी के चुनाव में लगते थे उसी तरह टीम बना.बनाकर गांव में जुट जाओ। अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि मैं आपका भाई हूं मैं आपका बेटा हूं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल का पोता हूं मेरा चुनाव आपको लड़ना होगा, चुनाव के दौरान मुझे दिशा.निर्देश आप सब लोग देंगे मैं उन्हीं दिशा.निर्देशों पर कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे सबसे बड़ी खुशी इस बात की है कि गोलागढ़ से सारा परिवार मेरे साथ खड़ा है। आप सभी के सहयोग से मैं अवश्य ही विधानसभा में पहुंचूंगा और विधानसभा में पहुंचकर जैसे मेरे दादा चौधरी बंसीलाल विधानसभा में या लोकसभा में बैठकर पूरे इलाके की रखवाली करते थे। उसी तरह मैं भी आप सभी के सहयोग से पूरे इलाके की रखवाली करूंगा। कार्यकर्ताओं ने भी अनिरुद्ध चौधरी को विश्वास दिलाया कि उनके कार्यकर्ता हमेशा उनके साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।



तोशाम। समर्थकों से बातचीत करते कांग्रेसी नेता अनिरुद्ध चौधरी। फोटो: हरिभूमि

## बैठक कर लिया 4 जुलाई को पंचायत बुलाने का निर्णय

- ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए सिक्योरिटी जमा करवाने वालों को नए कनेक्शन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

शहीद महावीर किसान भवन में जिला प्रधान मेवा सिंह आर्य की अध्यक्षता में क्षेत्र के अनेक गणमान्य किसानों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनहित की मांगों को लेकर आगामी 4 जुलाई को लोहारू के लाल बहादुर शास्त्री पार्क में क्षेत्र के किसानों की पंचायत बुलाने का निर्णय लिया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए मेवा सिंह आर्य ने बताया कि सरकार ने हाल ही में किसानों की शामलात भूमि को पंचायतों के और सरकार के अधीन करने का फरमान जारी किया है। जो उचित नही है। इसके अलावा सरकार ने ट्यूबवेल ट्रांसफार्मर जलने पर 10 फीसदी और 20 फीसदी कीमत पर चार्ज वसूलने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए सिक्योरिटी राशि जमा करवाने वाले किसानों को नए कनेक्शन नही दिए जाने पर रोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि किसानों को शीघ्र पेंडिंग कनेक्शन जारी किए जाएं। ऐसे अनेक मुद्दों को लेकर आगामी 4 जुलाई को किसानों की पंचायत आयोजित की जाएगी तथा अहम फैसला लिया जाएगा। बैठक में जिला प्रधान मेवा सिंह आर्य के अलावा आजाद सिंह भूगंला, धर्मपाल, चुन्नीलाल, भरतसिंह, पवन कुमार, सीताराम, रमेश, उमेद सिंह, इन्द्र सिंह, जगदीश सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



लोहारू। लोहारू किसान भवन में बैठक में मौजूद किसान। फोटो: हरिभूमि

## कादमा व चिड़िया में की ब्लॉक स्तरीय बैठकें

### राकेश चांदवास ने कार्यकर्ताओं से किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला सचिव राकेश चांदवास ने शुक्रवार को कादमा व चिड़िया में ब्लॉक स्तरीय बैठकें आयोजित की। जिसमें ग्राम सचिवए सर्कल अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आयोजित मीटिंग में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राकेश चांदवास ने कहा है कि सभी पदाधिकारी व पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर जुट जाओ । हम विधानसभा चुनाव युद्ध स्तर पर लड़ने जा रहे हैं और विरोधी पार्टियों के दांत खट्टे कर देंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को लूटा है। इससे पहले कांग्रेस ने हरियाणा की जनता को जमकर लूटा। राकेश चांदवास ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी शिक्षा, स्वास्थ्य,बिजली, पानी, बुजुगोंर् को तीर्थ यात्रा, महिलाओं को बस यात्रा फ्री एयुवाओं को रोजगार आदि सुविधाएं मिलेंगी। गरीब परिवार के लोगों को दिल्ली की तर्ज पर फ्लैट दिए जाएंगे और जीविका चलाने के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी।

## युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा: भारद्वाज

- आज के अघोषित आपातकाल का जवाब देना चाहिए : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए अभिभाषण को सरकार द्वारा दी गई झूठ पर आधारित पटकथा करार दिया है। जिसकी चहुंओर निंदा की जा रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक डा. शिव शंकर भारद्वाज ने यहां निजी रेस्तरा में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि 1975 के आपातकाल के बजाए आज के अघोषित आपातकाल का जवाब देना चाहिए।

डा. शिव शंकर भारद्वाज ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राष्ट्रपति के मोदी सरकार लिखित अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के जनादेश को नकारने की कौशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सबसे ज्यादा आपातकाल के हालात तो महंगाई, बेरोजगारी, पेयजल किल्लत के लगे हुए हैं। पढे लिखे युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है युवा कडा परिश्रम करके पेपर देते हैं तो वो लीक हो जाता है इससे युवाओं का हौसला टूट जाता है। वहीं दूसरी ओर पेयजल किल्लत शहर में हो रही है। शहर व गांव में आए दिन पेयजल को लेकर हाहाकार हो रहा है। आए दिन धरने प्रदर्शन किये जा रहे हैं लेकिन इस तरफ सरकार का ध्यान नहीं है।

उन्होंने कहा कि रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा लोकसभा एवं राज्यसभा में हमेशा से ही प्रदेश के हितों की आवाज को उठाते हैं कल भी उन्होंने देश की संविधान की बात की तो केंद्र सरकार के स्पीकर द्वारा उन्हें अपमानित करने का काम किया है।



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज।

## व्यवस्था परिवर्तन के लिए संघर्ष कर रही आप

- बदलाव जनसंवाद के तहत आप जिला अध्यक्ष ने ग्राम प्रभारियों व सर्कल अध्यक्षों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

भाजपा शासनकाल में पिछले 10 वषार्े के दौरान आमजन को क्या मिला और क्या नहीं, इसकी जानकारी लेने के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा हरियाणा में बदलाव जनसंवाद शुरू किया गया है। जिसके तहत पार्टी के नेता व कार्यकर्ता गांव.गांव जाकर लोगों से विभिन्न मुद्दों पर बात कर रहे है।

इसी कड़ी में बदलाव जनसंवाद अभियान के तहत शुक्रवार को चरखी दादरी जिला के गांव रानिला स्थित ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक के सभी गांवों के ग्राम प्रभारियों व सर्कल अध्यक्ष की मीटिंग आयोजित की गई। जिन्हे इस अभियान के तहत आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। मीटिंग की अध्यक्षता आप जिला अध्यक्ष धनराज कुंडू ने की। मीटिंग में ब्लॉक नंबर.3 के सभी गांवों के ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जुट जाने का संकल्प लिया। आप जिला अध्यक्ष धनराज कुंडू ने कहा कि आम आदमी पार्टी व्यवस्था परिवर्तन के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि अब आप हरियाणा में विकास तथा व्यवस्था परिवर्तन के लिए संघर्ष कर रही है। उनका उद्देश्य देश का विकास करना, रोजगार सृजन करना, शिक्षा प्रदान करना तथा महिलाओं के समान अवसर सुनिश्चित करना है।

इन्ही योजनाओं की जानकारी जन.जन तक पहुंचाने के लिए आप ने बदलाव जनसंवाद शुरू किया है। पूर्व कर्मचारी विंग के जिला सहसचिव सत्यवीर भागेश्वरी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की जनता पिछले 10 वषार्े से भाजपा के कुशासन को सहने को मजबूर है तथा बदलाव के लिए चुनाव का इंतजार कर रही है।



चरखी दादरी। एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## मौत के साए में ड्यूटी देने को मजबूर कर्मचारी

# सामान्य अस्पताल के पुराने भवन के स्थिति हुई कंडम

- सीएमओ बोले .पुराना भवन कंडम घोषित किया, नया बनवाएंगे

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के चतरभुज लाजपतराय जनरल हॉस्पिटल के पुराने भवन की स्थिति बर से बदतर हो चली है।

पुराने भवन के जनरल वार्ड के साथ शौचालय व साथ में बने कमरों को देखने से जान पड़ता है कि ये आजकल के महमान है और कर्मचारी भी मौत के साए में अपनी ड्यूटी देने को मजबूर दिखाई दे रहे हैं। वहीं भिवानी सीएमओ ने भवन को कंडम घोषित किए जाने पर नए भवन बनवाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि बवानी खेड़ा के चतरभुज लाजपतराय जनरल हॉस्पिटल में ओपीडी का आंकड़ा किसी समय पांच सौ पार पहुंच गया था और अब भी ओपीडी तीन सौ पार पहुंच जाती है। पुराने भवन के जनरल वार्ड में शौचालयों व कमरों की स्थिति दयनीय हो चुकी है। अस्पताल में वार्ड में दाखिल मरीज जब प्रसाधन के लिए जाता है और छत की और देखता है तो मरीज की सांसें वहीं अटक जाती हैं और यह हाल स्टॉफ का देखने को मिलता है। क्योंकि इसके गाटर से सीमेंट गिरनी शुरू हो चुकी है।



बवानीखेड़ा। अस्पताल की दयनीय दशा। फोटो: हरिभूमि

### सीएमओ बोल

भिवानी के सीएमओ रघुबीर सिंह ने बताया कि पुराने भवन को कंडम घोषित किया गया है। मरीजों को जल्द नए भवन में दाखिल किया जाएगा और इस पुराने भवन की नीलामी करके उसके स्थान नए भवन का निर्माण करवाया जाएगा ताकि मरीजों को लाभ मिल सके।

*मरीज बोलेः मरीजों में टेकचंद, रामधारी, कौशल्या, बिमला, गणपत आदि का कहना है कि सरकार सुविधाएं देती है और इसका लाभ लेना चाहिए व वे स्वयं गरीब होने के चलते अस्पताल में दाखिल होते हैं लेकिन यहां के भवन के हालात ठीक नहीं है। यदि उनके घर के हालात अच्छे होते तो वे निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवाते। हालांकि कांग्रेस समय में यह अस्पताल 50 बैड का किया गया। नए भवन में मरीजों को दाखिल क्यों नहीं किया जा रहा यह भी सवाल बनता है लेकिन विभाग ने पुराने भवन को ही अपनाया हुआ है व इसे ही रूटीन में प्रयोग किया जा रहा है। जबकि मरीजों के लिए नए भवन में व्यवस्था की जानी चाहिए थी।*

## भाजपा ने अनेक योजनाएं लागू कर किसानों का जीवन स्तर उठाया ऊंचा : जयसिंह वाल्मीकि

- जयसिंह वाल्मीकि ने किसान व कर्मचारी हित में की गई घोषणाओं पर जताया सीएम का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसान हितैषी सरकार जिसने समय.समय पर किसान हित में अनेक योजनाएं क्त्रियान्वित किसानों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने का काम किया है।

किसानों की आय बढ़ाने के स्वप्र को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा द्वारा अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे है। जिसका उदाहरण हालही में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किसान हित में लागू की गई अनेक योजनाएं है। यह बात भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने शुक्रवार को जिला के गांव तालु व धनाना में किसानों से बातचीत कर उन्हे प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई किसान हित की योजनाओं की जानकारी देते हुए कही। इस दौरान उन्होंने ट्यूब्बैल कनेक्शन को एक जगह से दूसरी जगह पर लगाने पर लगने वाले चार्ज को खत्म करने, स्टांप वेडर की 10 हजार रूपये की पॉवर को बढ़ाकर 20 हजार रूपये करने पर मुख्यमंत्री का आभार भी जताया। वाल्मीकि ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लागू की ये योजनाएं किसानों के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगी तथा इससे उनके जीवन स्तर में काफी सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का मानना है कि देश की तरक्की किसानों से जुड़ी है, यदि किसान खुशहाल होगा तो देश निश्चित रूप से तरक्की की राह पर अग्रसर होगा। वे विधानसभा चुनाव में भाजपा का साथ देकर किसान हित में लागू की जा रही हैं।



भिवानी। किसानों से बातचीत करते भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि।

## खबर संक्षेप

### दिया जाएगा 10 लाख रुपये तक का ऋण

**भिवानी।** जिले के नगर परिषद व नगर पालिकाओं के तहत आने वाले बीपीएल परिवारों व जिन परिवारों की वार्षिक आय दो लाख रूपये से कम है को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए अंत्योदय परिवार के इच्छुक नागरिक ऋण के लिए करें लघु स्थित एडीसी कार्यालय के कमरा नंबर 19 में संपर्क कर सकते हैं। जिला नगर आयुक्त एवं एडीसी हर्षित कुमार ने बताया कि दीन दयाल अंत्योदय योजना. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी क्षेत्र के लोगों को विभिन्न बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूह बनाने पर 10 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।

### 48 सप्ताह के प्रशिक्षण के बाद मिलेगा डिप्लोमा

**चरखी दादरी।** अब दसवीं पास युवा भी डिप्लोमा करने के बाद खाद व दवाई बेचने से संबंधित लाइसेंस ले सकेंगे। हरियाणा एग्रीकल्चर मैनेजमेंट एक्सटेंशन इंस्टीट्यूट हमेटी जींद द्वारा दसवीं पास युवाओं को डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेजफार इनपुट डीलर कराया जाएगा और 48 सप्ताह के इस प्रशिक्षण के बाद डिप्लोमा मिलेगा और इसको लेकर सप्ताह में एक दिन क्लास लगेगी। इस डिप्लोमा के आधार पर भारत के किसी भी रा'य में बीजए खाद व दवाई बेचने का लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे।

### दाखिलों को लेकर काउंसलिंग फेयर

**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल विवि कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी की अगुवाई और कुलसचिव डॉ ऋतु सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य को लेकर पूर्णतया गंभीर है। विद्यार्थी स्वरूचि अनुरूप कोर्स में दाखिला ले सकें और वे अपने बेहतर भविष्य के लिए सही कोर्स का चयन कर सके इसके लिए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने विश्वविद्यालय में दाखिलों से पूर्व 01और 02 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस स्थित ऑडिटोरियम और कमेटी कक्ष में काउंसलिंग फेयर लगाने निर्णय लिया है। विद्यार्थी अपने कैरियर और बेहतर भविष्य के लिए सही कोर्स में दाखिला ले सकेंगे।

### धरने में विशेष रूप से जिला प्रधान सुरेंद्र टोनी ने शिरकत की

# कार्यकारी अभियंता की हठधर्मिता को लेकर कर्मचारियों ने दिया धरना और नारेबाजी की

अधिकारी कर्मचारियों की जायज मांगों के प्रति संज्ञान नहीं ले रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा गवर्नमैंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन रजि नं 41 मुख्यालय चरखी दादरी सम्बन्धित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ ने कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत डिवीजन नंबर दो के प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरने के पांचवेंद दिन की अध्यक्षता शहरी ब्रांच के उपप्रधान राधेश्याम शर्मा ने की। कर्मचारियों की मांगों के लिए धरना वह रोष प्रदर्शन किया। धरने में विशेष रूप से जिला प्रधान सुरेंद्र टोनी ने शिरकत की।

शुक्रवार को धरने का संचालन शहरी ब्रांच के सचिव बिजेंद्र परमार ने किया। यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मीडिया प्रभारी अमित कुमार जांगड़ा ने दी। जिला कार्यालय सचिव चांदीराम कादयान ने धरने में उपस्थित कर्मचारियों को बताया कि कार्यकारी अभियंता का कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए कोई स्थिति स्पष्ट नहीं है। कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों की मांगों के प्रति तानाशाही रवैया अपनाए हुए हैं जिससे कर्मचारी वर्ग बहुत ही परेशान व हताश है। फील्ड ब्रांच सचिव सुरेंद्र अत्री ने कर्मचारियों को अवगत करवाया कि अधिकारी तानाशाही प्रवृत्ति अपनाए हुए है। अधिकारी कर्मचारियों की जायज मांगों के प्रति कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। कार्यकारी अभियंता की नीति भी कर्मचारियों के प्रति सही नहीं है। इस तानाशाही नीति से कर्मचारी वर्ग में बहुत भारी रोष व्याप्त है।

धरने के पांचवें दिन के प्रवेश के उपरांत भी कार्यकारी अभियंता अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते। इस तानाशाही रूप के कारण हमारा संगठन कार्यकारी अभियंता का घेराव करने के लिए बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी कार्यकारी अभियंता व प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिला प्रेस सचिव अमित कुमार जांगड़ा, शहरी ब्रांच के प्रधान जयकिशन शमा, कोषाध्यक्ष सुखबीर गुर्जर, बजरंग लाल,कुलदीप बोहरा, अंचल शर्मा, रामअवतार, नरवीर यादव, विनोद रोहिल्ला, संजय, बिजेंद्र, सोमबीर, संदीप, महेंद्र, अशोक, श्रीराम, रामधारी,दिलबाग, राजेंद्र, सतबीर, बनी सिंह, प्रकाश, परमजीत, राजसिंह, श्रीपाल राठी,अमरपाल, राजेश, अनिल, सज्जन,राजकुमार, विजय, अशोक, शिव, मंदीप, हरपाल, रामनिवास, सतीश, जयराम, बाबूलाल, देवेंद्र, पूनम, धूप सिंह, सुशील, फील्ड ब्रांच से प्रधान आनंद श्योराण,कोषाध्यक्ष विजय कुमार, अमित सहरावत, राजेंद्र, जितेंद्र, अमित पहल, नवीन, प्रवीण,संजय, मदन, जितेश, राजवीर कटारिया आदि मौजूद रहे।

## पुलिस कार्यप्रणाली से खफा मृतक राहुल के परिजनों ने किया आंदोलन की राह अपनाने का किया ऐलान

- हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कमेटी गठित, 30 को प्रदर्शन
- प्रदर्शन के बाद भी पुलिस नहीं चेती तो बैठेंगे अनिश्चितकालीन धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी




**भिवानी।** शहर में जुलूस निकालते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

पिछले 28 से ढ़ाणा रोड़ लक्ष्मी नगर निवासी राष्ट्रीय स्तरीय जिम्नास्टिक खिलाड़ी राहुल लड़वाल के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग पिछले 28 दिनों से न्याय की दरकार लगाते हुए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के दरों की धूल फांक रहे मृतक के परिजनों का सब्र का बांध अब जवाब दे गया है तथा इस मामले में प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई ना किए जाने से गुस्साएं मृतक के परिजनों ने विभिन्न सामाजिक संगठनों को लेकर 30 जून को शहर में प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन को जगाने का प्रयास करने का ऐलान किया है। यह जानकारी देते हुए मृतक राहुल लडवाल के दादा दलीप सिंह ने बताया कि पुलिस की कार्यप्रणाली

### क्या था मामला

31 मई को राहुल अपनी टायर पेंचर की दुकान में था। उस दौरान रात 10 बजे उसने घर पर फोन कर बताया कि वह अपने दोस्त विवेक के घर जा रहा है। जिसके बाद अगली सुबह एक जून को राहुल लडवाल का शव बिछवाना जोहड़ में मिला था तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृतक के शरीर पर 18 चोटों के निशान भी मिले थे। इस मामले में पुलिस द्वारा नामजद युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बावजूद भी अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। जिसके चलते परिजन पुलिस अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई ना किए जाने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने अब आंदोलन की राह अपनाने का ऐलान किया है ताकि मृतक के पीड़ितों को न्याय दिलवाया जा सकें।

### ये नियुक्त हुए कमेटी में

कामरेड ओमप्रकाश, राजेंद्र तंवर,सुरेश प्रजापति,सुखदेव पालुवास,सूर्यभान, अधिवक्ता सुनीता सरोहा, रवि बॉक्सर, प्यारेलाल कायत, भगवान दास कालिया,सुरेंद्र इंदौरा, शिवकुमार बोस, मनजीत नागर, राजेंद्र खुंडिया, जोगेंद्र मिर्चिया, मनदीप नागर, नरेंद्र अजीतपुर, अनिल डाबला, महेंद्र बिधनोईए मेवा सिंह खनगवालए सुरेश सैनी आदि कमेटी में नियुक्त हुए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व पार्षद मास्टर प्रवीण, डा. रहीश, डा. विनोद, ईश्वर सिंह, सुरेंद्र इंदौरा, सुदेश, थिलौड़, सतपाल रंगा, नितेश कायत, सोनू, सतबीर, उमेद वाल्मीकि, निखिल, सुमित, मोनू, सोनू, साहिल मोरवाल, पवन, सन्नी बागड़ी,जोगेंद्र, लाला, बलबीर आदि मौजूद रहे।

### योग विद्या ऋषि मुनियों की अमूल्य धरोहरः दलाल

- पीएम नरेन्द्र मोदी ने योग को विश्वस्तर पर पहचान दिलाई : मंत्री

**बहल।** वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि योग विद्या भारत के ऋषि मुनियों की अमूल्य धरोहर है। भारत वर्ष में अनादिकाल से योग चला आ रहा है। योग मानव जीवन के लिए सर्वोत्तम विधि है इससे शरीर का सर्वांगीण विकास होता है। विश्व के विकसित देश भी भारत की योग पद्धति को अपना रहें हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे बुरे व्यसनों से बचें व आर्य समाज से जुड़कर देश और समाज के विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वाहन करें। वे शुक्रवार को आर्य समाज बहल द्वारा आर्य समाज परिसर में चल रहे योगाचार्य हरपाल शास्त्री के सानिध्य में चल रहे योग शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि योग के आठ अंगों ;यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि का वर्णन वेद, उपनिषद, पुराण व गीता में किया गया है।

योग हर एक के लिए एक जीवन औषधि है जिससे शरीर बलवान व आनंदित बनता है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने योग को विश्वस्तर पर पहचान दिलाई है जिसका परिणाम है कि आज विदेशों में भारत की योग पद्धति की धूम है। योग सीखने की लालसा कई विदेशियों को भारत की ओर खींच रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में योग का महत्व और बढ़ गया है। आचार्य हरपाल शास्त्री ने कहा कि अत्याधिक तनाव, प्रदूषण और भाग दौड़ से हर एक व्यक्ति का जीवन रोगग्रस्त हो चला है।

## नशे से दूर रहने की शपथ ली

- अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर साक्ष्य स्पष्ट
- नशे के कारण देश में बढ़ रही है मृत्यु दर : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** नशे के प्रति जागरूकता करने की शपथ दिलाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हर साल विश्व मद्यपान निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को नशे की लत से होने वाले खतरों के बारे में बताना है। साथ ही अवैध दवा व्यापार के जोखिमों के बारे में भी जागरूक करना है। आजकल लोग शराब, ड्रग्स, गांजा और हेरोइन जैसे कई तरह के नशे कर रहे हैं। नशे से युवाओं को बचाने के लिए समाज और राष्ट्रहित को समर्पित संस्था नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति और सदाचारी शिक्षा समिति ने जागरूक पखवाड़े के तहत विवेकानंद हाई स्कूल में संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय संचालिका सावित्री यादव की अध्यक्षता में सभी शिक्षकों ने जागरूकता का संकल्प लिया। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रपति पुरस्कार अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज एवं विद्यालय की संचालिका सावित्री यादव ने कहा कि आज देश में युवाओं को तरह.तरह के नशे से बचाना बहुत जरूरी है। क्योंकि यह लत आज दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है,न जाने किस प्रकार के नशे युवाओं में घर कर रहे हैं। जिससे परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं।

## युवा बुराइयों से दूर रहेंः राज्य मंत्री

- पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव तथा खेल राज्य मंत्री संजय सिंह पहुंचे ओमवीर तंवर के निवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** समर्थकों से बातचीत करते राज्यमंत्री संजय सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव तथा खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हुए खेलों में अपनी भागीदारी निभाने के साथ.साथ जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपने कदम बढ़ाएए ताकि प्रदेश व देश को नशा मुक्त राष्ट्र बनाया जा सकें।

खेल मंत्री शुक्रवार को रोहतक रोड़ स्थित महाराणा प्रताप कॉलोनी स्थित हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह तंवर के निवास स्थान पर युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भिवानी को खेल नगरी के नाम से जाना जाता है। यहां के युवाओं ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अनेक बार भिवानी व भिवानीवासियों को गौरवांवित किया है। इस कड़ी को और मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक युवा खेलों में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि खेल को अपनाने से युवा नशे जैसी सामाजिक बुराई भी दूर रह सकता है।

### अधिक से अधिक पौधे लगाकर देखभाल करें

राज्य मंत्री संजय सिंह ने कहा कि आज पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए प्रत्येक जन को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। जिसमें युवाओं की अहम भागीदारी होनी चाहिए। क्योंकि युवाओं में बदलाव की क्षमता होती है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि इस मानसून के सीजन में ना केवल अधिक से अधिक पौधों का रोपण करें, बल्कि रोपित किए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेवारी भी ले। इस अवसर पर हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह तंवर ने कहा कि भिवानी जिला खेलों में जितना अग्रणीय है, उसके अनुसार खेल सुविधाएं यहां उपलब्ध नहीं है।

### नई सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार है राजपूत समाज : नेत्रपाल

**भिवानी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने.अपने समीकरण बनाने शुरू कर दिए है। इसी कड़ी में अब राजपूत समाज भी अपने दम पर हरियाणा में अब की बार म्हारी सरकार का नारा लेते हुए प्रदेश की करीबन सभी विधानसभा क्षेत्रों में राजपूत समाज के उम्मीदवार उतारने के पक्ष में है। जिसके लिए राजपूत समाज एक होकर नई सरकार बनाने में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार हो चुका है। हरियाणा की करीबन 30 सीटो पर जीताऊ उम्मीदवार की घोषणा करना बाकी है तथा आरक्षित सभी लगभग 17 सीटो पर अनुसूचित जाति समाज को साथ लेकर अपने दम पर उम्मीदवारों को जीता कर विधानसभा में भेजन को काम किया जाएगा। बाकी बची 43 सीटो पर समांतर समाज व ओबीसी समाज को महत्व देते हुए चुनाव में भाईचारे को बनाए रखते हुए पंचायत के माध्यम से जीताऊ उम्मीदवार को समर्थन देकर आगे बढ़ाया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## कार्यक्रम को लेकर बैठक में मंथन

- अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों को अनुदान वितरण के लिए कार्यक्रम आयोजित 30 जून को

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

एडीसी हर्षित कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित एडीसी कार्यालय में 30 जून को आयोजित होने वाले अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों को अनुदान वितरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में बताया कि इस योजना के लाभपात्रों को अनुदान वितरण के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पानीपत में राज्य स्तर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा यह कार्यक्रम जिला स्तर पर भी मनाया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले लाभपात्रों के साथ.साथ मुख्य अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों को निमंत्रण देने, बैठने की व्यवस्था, लाभार्थियों के लिए समारोह स्थल तक परिवहन व्यवस्था, संयोजक व मंच, पेयजल व्यवस्था, जलपान व भोजन व्यवस्था के अलवा मुख्य अतिथि द्वारा पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण के लिए आपसी समन्वय स्थापित करें। एडीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग.अलग जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि किसी भी लाभपात्र को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

## समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं शिकायतें

- समाधान शिविर से आमजन व प्रशासन के बीच बढ़ा विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते डीसी मनदीप कौर।

सरकार की ओर से की गई नई व्यवस्था के तहत लगाए जा रहे समाधान शिविरों के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है और इन शिविरों से लोगों को खूब लाभ भी मिल रहा है। शिविर में एक ही स्थान पर अधिकारी विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस बड़ी पहल को लेकर नागरिकों की काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि समाधान शिविरों में प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए तुरंत आवश्यक कार्रवाई करते हैं। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला प्रशासन के पास 25 शिकायतें आईं। सभी शिकायतों पर उपायुक्त ने सुनवाई की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिकायतों के समाधान में लिए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं। समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों को नंबर अलॉट किया जाता है व इसकी प्रोपर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। सभी विभागों द्वारा जिन शिकायतों का समाधान किया जाता है ।

### नप चेयरमैन ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

# नहीं होगा शहर में जलभराव,नालों की होगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** डिस्पोजल का निरीक्षण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

नगर परिषद चेरयमैन बख्शीराम सैनी द्वारा वर्तमान में नगर के अलग अलग हिस्सो में चल रहे विकास कार्योर् का लगातार जायजा लिया जा रहा है। वो खुद नगर के विभिन्न वार्डोर् में लगातार दौरा करते हुए चल रही परियोजनाओं में होने वाले कामों का निरीक्षण कर रहे है। मौके पर पहुंच कर अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत कर रहे है, उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन व परामर्श दे रहे है।

साथ में नगर के नागरिकों के सुझाव भी लगातार हो रहे कामों के लिए ले रहे है। विशेष तौर पर नगर की पुरानी समस्या दूषित पेयजल जमावडे को हल करवाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की लगातार निगरानी वो कर रहे है। इसी कडी में आज बख्शीराम सैनी पुराना शहर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के निकट बन रहे पौंड पर पहुंचे व कार्य की प्रगति की रिपोर्ट ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित पब्लिक हेल्थ विभाग अधिकारी विजय जावला से अभी तक किए गए कार्योर् की विस्तार में जानकारी हासिल की। इसके साथ ही पौंड के निकट बने इलेक्ट्रिक रूम का भी मुआयना किया व इसकी कार्यप्रणाली को निकट जाकर स्वयं जांचा। इस दौरान उन्होंने आसपास रहने वाले नागरिकों व मौजिज व्यक्तियों से बातचीत करते हुए कार्योर् के लिए सुझाव भी लिए।

### समस्याओं को जल्द निपटारा करें

बख्शीराम सैनी ने कहा कि नगर परिषद व प्रशासन का यह संयुक्त प्रयास है कि प्राथमिकताओ के आधार पर समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा करवाया जाए। दूषित पेयजल जमावडा एक पुरानी परेशानी है जिसे कि चरणबद्ध तरीके से पूरी योजना बना कर निपटाया जा रहा है। इसके लिए लगातार नई पाइप लाइने बिछाई जा रही है पौंडों का निर्माण किया जा रहा है, उम्मीद है बहुत जल्द ही निर्माण कार्य तेज गति से पूरा करवा कर इस पुरानी परेशानी से छुटकारा सभी नागरिकों को दिला दिया जाएगा।

### कौशल आत्मनिर्भरता प्रशिक्षण शिविर संपन्न

- 15 दिवसीय शिविर में 24 जरूरतमंद कन्याओं ने उठाया लाभ, बढ़ी आत्मनिर्भरता की ओर

**भिवानी।** भारत विकास परिषद् की मुख्य शाखा भिवानी द्वारा सेवा प्रकल्प के तहत दिनांक 13 जून से शुरू किए गए 15 दिवसीय निःशुल्क कौशल आत्मनिर्भरता प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया तथा भारत विकास परिषद् के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती पर 27 जून से 10 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा की शुरुवात की गई। समापन कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ की गई।